बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-27
10/01/2020

भीम बांध पारिस्थितिकीय पर्यटन केंद्र में जन सुविधाओं का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन एवं भ्रमण

पटना, 10 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिला अंतर्गत हवेली खड़गपुर प्रखंड के भीम बांध में भीम बांध पारिस्थितिकीय पर्यटन केंद्र में जन सुविधाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने भीम बांध के पास स्थित गर्म जल कुंड को देखा। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक वनों एवं भीम बांध वन्य प्राणी आश्रयणी अंतर्गत पारिस्थितिकीय पर्यटन के लिहाज से अवलोकन के पश्चात कुछ सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने इको टूरिज्म के विकास के तहत भीम बांध में पर्यटकीय सुविधाओं से संबंधित किये गये विकास कार्यों का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने गर्म पानी के श्रोतों का भी अवलोकन किया। यहां पर बच्चों के लिए बाल ताल बनाया गया है एवं अन्य लोगों के लिए गर्म पानी को एकत्रित किया गया है ताकि वे उसका स्वीमिंग पुल की तरह ही आनंद उठा सकें। इस्तेमाल किये गये गर्म पानी को एकत्रित करने के पश्चात इसे ड्रेनेज के माध्यम से किसानों को पटवन के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ठंडे पानी के स्त्रोत को भी देखा और जहां ठंडा और गर्म पानी मिलता है उस स्थान को भी जाकर देखा। मुख्यमंत्री ने भीम बांध परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि गर्म पानी और ठंडे पानी के उदगम स्थल को भी आईडेंटिफाई करालें ताकि जल संग्रह भी उसी के आधार पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि पानी की भी जांच करवा ली जाए कि यह सल्फरयुक्त है या नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीम बांध पहुंचने के के लिये आवागमन की सुविधाओं को और दुरुस्त किया जाए, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। यह स्थल पर्यटकों के लिए काफी आकर्षक एवं रमणिक है। उनके लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित ग्रामीणों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। कुछ ग्रामीणों ने अपनी बातें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं जिस पर उन्होंने उनके शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने भीम बांध में ही सरकार के विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित स्टॉलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती के उत्पाद, हाईब्रीड उत्पादों को भी देखा। समेकित बाल विकास परियोजना, वृद्धजन सहायता केंद्र से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने जीविका के 679 स्वयं सहायता समूहों को 23 लाख 75 हजार रूपये ऋण के डेमो चेक प्रदान किये।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, योजना एवं विकास विभाग के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुंगेर के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

******